'सागरमाला' देश के विकास में गेम चेंजर है: पहली कार्यशाला राजधानी में आयोजित

शिपिंग मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में अपने प्रमुख कार्यक्रम सागरमाला पर अमल में तेजी लाना राज्यों के साथ साझेदारी पर एक कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सागरमाला कार्यक्रम के लिए शिपिंग मंत्रालय, अन्य सम्बन्धित मंत्रालयों और भारत के विभिन्न समुद्र तटवर्ती राज्यों के बीच साझेदारी बढ़ाना था।

इस कार्यशाला की अध्यक्षता सचिव (शिपिंग) श्री राजीव कुमार ने की और इस अवसर पर मुख्य भाषण नीति आयोग के सीईओ श्री अमिताभ कांत ने दिया। इस अवसर पर श्री अमिताभ कांत ने कहा कि बंदरगाह आर्थिक विकास के उत्प्रेरक साबित हो सकते हैं और इसके साथ ही वे देश में निरन्तर 10 फीसदी की आर्थिक विकास दर हासिल करने में मददगार साबित हो सकते हैं। अत: ऐसी स्थिति में सागरमाला कार्यक्रम देश के विकास में गेम चेंजर साबित होगा।

चीन, कोरिया, जापान, और सिंगापुर की सफलता की गाथाओं का उल्लेख करते हुए श्री अमिताभ कांत ने कहा कि समुचित ढंग से क्रियान्वयन के लिए समस्त हितधारकों का समूह बनाने की जरूरत है और इसके साथ ही निर्यात पर केन्द्रित रणनीति बनाने की भी आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि चीन, कोरिया, जापान, और सिंगापुर में बंदरगाहों की अगुवाई में देश का तेजी से विकास हुआ है। भारत की आर्थिक विकास दर को बढ़ाकर 7.6 फीसदी के स्तर पर ले जाने के लिए वैश्विक बाजारों में पैठ बनाना आवश्यक है जिसमें केवल बंदरगाह ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने इस ओर ध्यान दिलाया कि भूमि कोई चुनौती नही है और मुख्य जरूरत इस बात की है कि उपलब्ध संसाधनों का इष्टतम उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय वस्तुओं को वैश्विक बाजारों में उपलब्ध वस्तुओं के समकक्ष बनाने के लिए लॉजिस्टिक्स लागत को घटाना अत्यन्त जरूरी है और यह तभी संभव हो पाएगा जब बंदरगाह आगे चलकर विनिर्माण केन्द्रों (हब) में तब्दील हो जाएंगे। उन्होंने भारत में क्रूज पर्यटन की असीम संभावना होने की बात दोहराई और सभी तटीय राज्यों से अपील की कि वे इसे बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कार्य करें।

सचिव (शिपिंग) श्री राजीव कुमार ने उद्घाटन सत्र में कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए राज्यों के प्राधिकरणों की ओर से सक्रिय भागीदारी अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सागरमाला कार्यक्रम नियोजन के चरण से आगे बढ़कर अब क्रियान्वयन के चरण में पहुंच गया है और तीन ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं जिनसे जुड़ी परियोजनाओं का काम राज्यों को अपने हाथ में लेना चाहिए। कनेक्टिविटी का विस्तार करना, क्रूज शिप का विकास करना और तटीय नौवहन को बढ़ावा देना इन तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शामिल हैं। उपर्युक्त कार्यशाला का उद्देश्य मुख्य हितधारकों को सागरमाला कार्यक्रम के प्रावधानों, इसके उद्देश्यों और सागरमाला के तहत परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु उनके लिए उपलब्ध अवसरों से परिचित कराना था।

कार्यशाला में समुद्र तटवर्ती राज्यों के प्रधान सचिवों, बंदरगाहों के प्रमुखों और सम्बन्धित मंत्रालयों के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

एलेन केरियर इन्स्टीट्यूट के जे.ई.ई. एडवान्स -2017 में फिर एक बार श्रेष्ठता सिद्ध की

एलेन केरियर इन्स्टीट्यूट अहमदाबाद के छात्रो द्वारा जे.ई.ई एडवान्स परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है । जे.ई.ई. एडवान्स का परिणाम रविवार के प्रस्तुत किया गया। एलेन केरियर इन्स्टीट्यूट देशभर में फिर एक बार प्रथम नंबर पर रहा । तुषार पारेख (वाइस प्रेसिडेन्ट एलन केरियर इन्स्टी.)ने कहा एलन केरियर इन्स्टीट्यूट के छात्रों ने समूचे भारत में क्रम 37, 42 एवं 82 (गुजरात राज्य में प्रथम स्थान) प्राप्त किया है।और 82 (गुजरात राज्य के तीसरे स्थान पर) प्रथम 100 विद्यार्थी में 25 छात्र एलन केरियर इन्स्टीट्यूट ने दिये हैं।

सुमित गुप्ता (सेन्टर हेड) के बताये अनुसार, 509 छात्रों ने जे.ई.ई. एडवान्स की परीक्षा दी। जिसमें से 250 छात्र उत्तीर्ण हुए और उनको जोइन्ट काउन्सलींग में भाग लेने का मौका मिलेगा।

एलेन इन्स्टीट्यूट भारत भर में सभी विद्यार्थीयों कि जिन्हे मेडीकल और इन्जीनियरिंग के एन्ट्रेन्स परीक्षा में बैठने की इछा हैं उन्हें पहली पसंदगी है। 1.25 लाख से भी अदिक विद्यार्थी एलन केरियर इन्स्टीट्यूट के 12 शहरों के सेन्टर में पढ़ रहे हैं। (1-7)

इस चैम्पियन्स ट्रॉफी में ज़ेवेन जर्सी पहन कर मेन इन ब्लू का उत्साह बढ़ाएँ

बहुआयामी स्पोर्ट्सवीयर ब्रांड और भारत में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) के एक्सक्लूसिव अधिकारिक प्रशंसक मर्केडाइज़िंग पार्टनर (एप्रेल) ज़ेवेन ने देश में प्रत्येक क्रिकेट प्रेमी के लिए फैन जर्सी पेश की है।

भारतीय मौसम की परिस्थितियों के अनुसार बनाई गई यह जर्सी पसीना सोखने की क्षमता के साथ 100 प्रतिशत पोलिस्टर से बनी है और आपको गर्मी में ठंडा रखती है तथा 1495 रू. की कीमत में उपलब्ध है।

क्रिकेट प्रेमी अब ब्रिगेड रोड बंगलौर में ज़ेवेन आऊटलेट या बंगलौर, मुम्बई व चेन्नई में स्पोर्ट्स एक्सएस के किसी भी रिटेल चेन स्टोर पर अधिकारिक आईसीसी मर्केडाइज़ खरीद कर भारतीय टीम को समर्थन दे सकते हैं। यह कलेक्शन ज़ेवेन शॉपिंग http://www.shop.zevenworld.com/ और प्रमुख ई-कॉमर्स वेबसाइटों जैसे फ्लिपकार्ट, Amazon.in, स्नैपडील आदि पर उपलब्ध है। (19-8)

Sony LePlex FPC 13 June, 2017

India Time	13-Jun-17 Tuesday
6:00 AM	INSURGENT
6:57 AM	STUART LITTLE
8:50 AM	RIPLEY'S BELIEVE IT OR NOT! S03E09
9:51 AM	THE SHALLOWS
11:36 AM	KING KONG
3:04 PM	CAPTAIN AMERICA: THE WINTER SOLDIER
6:05 PM	FAST & FURIOUS 6
9:00 PM	THE SCORPION KING
10:58 PM	TREMORS
1:02 AM	JURASSIC PARK
3:11 AM	GOAL!
5:05 AM	ACCEPTED

संपादक-चुनीलाल एस. भट्ट, मुद्रक एवं प्रकाशक-मयुर सी. भट्ट, प्रकाशन स्थल-201, 202, 208 नंदन कोम्पलेक्ष, मीठाखली, अहमदाबाद-6. मालिक-कल्याणी पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा महादेव ऑफसेट, बी-4, रवि एस्टेट, रूस्तम मिल कम्पाउंड, दूधेश्वर, अहमदाबाद में छपवाकर प्रकाशित किया। फोन-26568477, 26409779. E : alpaviram1@yahoo.com

आयूष मंत्रालय ने आदमकद शुभंकरों के जरिए योग को लोकप्रिय बनाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया

भारत सरकार के अयूष मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन) ने आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को देखते हुए शुभंकरों और फ्लैश मोब्स के जरिए योग की लोकप्रियता बढ़ाने, विशेषकर उसे युवाओं में लोकप्रिय बनाने के लिए एक जागरूकता अभियान शुरू किया है।

एम-वे इंडिया ने इस समर में डियोडरन्ट्स के नयी वेराइटी प्रस्तुत की

देश की अग्रणी डायरेक्ट सेलिंग एफएमसीजी कंपनी एम-वे इंडिया ने इस समर में फेग्रन्स के दो नये प्रकार प्रस्तुत करके उसके डियोडरन्ट के पोर्टफोलियो का कायाकल्प किया है। कंपनी ने पुरूषो को ध्यान में रखकर ब्रान्ड डायनामाइट के अंतर्गत एक नया फेग्रन्स लोन्च किया हैं। 250 मिलि के रू. 270 के मुल्य पर दोनों नये डियोडरन्ट्स डर्मेटोलोजिकल रूप से परीक्षण किये गये हैं और ताजगी का फेग्रन्स प्रदान करते हैं।

एम-वे इंडिया ने पहले पुरूषों को ध्यान में रखकर डायनामाइट अंतर्गत 5 फ्रेग्रन्स- 3 फ्रेग्रन्स और महिलाओ के लिए ब्रान्ड एटिट्यूट अंतर्गत 2 फ्रेग्रन्स लॉन्च करके अपना डियोडरन्ट पोर्टफोलियों का विस्तार किया है।

इस मौके पर बोलते हुए एमवे इंडिया वेस्ट और साउथ के सि. वाइस प्रेसिडेन्ट संदीप प्रकाश ने बताया कि वृद्धि करती डियोडरन्ट बजार नवीनतम प्रोडक्ट सहित तेजी से बढ रहा हैं । जिसे ध्यान में रखकर हम तेजी और व्यस्त जीवनशैली जीनेवाले और लुत्फ उटाते युवको में रौमांच उत्पन्न करने के लिए 2015 में 5 नये फ्रेग्रन्सीस के साथ हमारा डियोडरन्ट पोर्टफोलियो का कायाकल्प किया । यह नया फ्रेग्रन्सी के ग्राहकों ने उत्तम तरीके से किया है। अब हम दो और फ्रेग्रन्स शामिल की हैं और समय - समय पर श्रेणी में ताजगी लाने का लक्ष रखते हैं, ऐसा संदीप प्रकाश ने बताया। (19-8)

बैण्ड बाजा बबूचक कॉमेडी एवं ड्रामा से भरपूर एक पारिवारिक फिल्म



यदि आपको कॉमेडी , ड्रामा, सस्पेन्स, रोमेन्टिक गीत देखना पसंद हो तो बेण्ड बाजा बबूचक में आपको यह तमाम कोम्बीनेशन एक साथ देखने मिलेंगे। यह फिल्म चार लड़को (चका, बको, पको और भइलु) पर आधारित हैं। जिन्हें उनका सपना पूरा करने के लिए पैसों की जरूरत है और उनको बिना मेहनत और तेजी से पैसा बनाना है। ऐसे में उनके जीवन में एक एनआरआई लड़की (सिमरन) आती है। जिसके पिता उसकी शादी एक अच्छे भारतीय के साथ कराना चाहते हैं और चार लोग लड़की को इम्प्रेस करना शुरू करते हैं जिससे शादी के बाद उसकी सम्पत्ति से वे अपना सपना साकार कर सकें।

फिल्म में अचानक लड़की के पिता की हत्या हो जाती हैं और हत्या किसने की है यह जानने का प्रयास चको, बको, पको और भइलु तथा सिमरन करने लगते हैं किसने की होगी हत्या और सिमरन किसके साथ शादी करेंगी। फिल्म का संगीत अच्छा हैं और प्रत्येक सीन काफी बारीकी से फिल्मायें गये हैं फिल्म की कहानी भी अच्छी हैं तथा मनोरंजन से संबंधित सभी वस्तुओं का समावेश किया गया हैं। (13-9)

सनफीस्ट बाउंस के 'एवरी मिनट एवरी डे' ऑफर के साथ बच्चों की मौज

बंगलौर, अब सनफीस्ट के 'एवरी मिनट एवरी डे' ऑफर के साथ ही देश के हर एक बच्चेय के उत्साह का स्तोर थोड़ा बढ़ गया है। इस ऑफर के माध्यम से अब बच्चे ना सिर्फ अपने पसंदीदा सनफीस्टस बाउंस बिस्कुंट का स्वा द चखेंगे बल्कि रंग भरनेवाले स्कूल बैग और होवर बोर्ड जैसे निराले उपहार भी जीतेंगे। सनफीस्टन बाउंस ने पेश किया हुआ एवरी मिनट एवरी डे ऑफर 84,000 भाग्यशाली बच्चों को रंग भरेनेवाले स्कूल बैग्स जैसे रोमांचक उपहार जीतने का मौका देता है।

केवल इतना ही नहीं, 60 भाग्यशाली विजेताओं को अनोखा होवर बोर्ड जीतने का अवसर भी प्राप्ते होगा। सबसे पहले हर पैक में मिले 10 अंकी कोड को <BOUNCE> space <CODE> फॉर्मेट में '7338227555' पर मैसेज करना होगा। फिर स्क्रू द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करके अपनी नोंद करनी होगी । यह ऑफर 5 और 10 रुपये के सभी सनफीस्टि बाउंस पैक्स पर देशभर में मौजूद है।

इस ऑफर को विस्तृत करते हुए श्री हेमंत मलिक, डिविजनल चीफ एक्जी2क्यूटिव, आईटीसी फूड्स, ने कहा सनफीस्टभ बाउंस क्रीम बिस्कुट सेग्मेंट का मार्केट लीडर और एक ब्रांड होने के नाते बच्चोंस को सुखद और मजेदार अनुभव देने का निरंतर प्रयास करता रहता है। इस ऑफर में बच्चों को दिए जाने वाले ब्रेंडेड उपहारों के द्वारा सनफीस्ट बाउंस ब्रेंड की दृश्यजता और स्मृति बढ़ाने की आशा रखता है। रंग भरेनेवाले बैग्स और होवर बोर्ड्स जैसे रोमांचक उपहार बच्चों की कल्पना निखारने तथा उनके रोजाना जीवन में आउटडोर गतिविधियों को शामिल करने के लिए उन्हें प्रोत्सासहित करेंगे। (22-1)

ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए सामान्य सेवा केंद्रों के जरिए टेली-लॉ प्रणाली का शुभारंभ

अलग-थलग पड़े समुदायों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को कानूनी सहायता आसानी से उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार ने 'टेली-लॉ' प्रणाली का शुभारंभ किया है। यह कार्यक्रम विधि और न्याय मंत्रालय तथा इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय मिल कर संचालित करेंगे। इसके लिए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा देशभर में पंचायत स्तर पर संचालित किए जा रहे सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) का इस्तेमाल किया जाएगा। प्रथम चरण के दौरान 'टेली-लॉ' कार्यक्रम प्रयोग के तौर पर उत्तर प्रदेश और बिहार में 500 सामान्य सेवा केंद्रों में चलाया जाएगा ताकि इस दिशा में आने वाली चुनौतियों को समझा जा सके और चरणबद्ध ढंग से देशभर में इस कार्यक्रम को लागू करने से पहले आवश्यक सुधार किए जा सकें।

कार्यक्रम के अंतर्गत 'टेली-लॉ' नाम का एक पोर्टल शुरू किया जाएगा, जो समूचे कॉमन सर्विस सेंटर नेटवर्क पर उपलब्ध होगा। यह पोर्टल प्रौद्योगिकी सक्षम प्लेटफार्मों की सहायता से नागरिकों को कानून सेवा प्रदाताओं के साथ जोड़ेगा। 'टेली-लॉ' के जरिए लोग वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सामान्य सेवा केंद्रों पर वकीलों से कानूनी सहायता प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त लॉ स्कूल क्लिनिकों, जिला विधि सेवा प्राधिकारियों, स्वयंसेवी सेवा प्रदाताओं और कानूनी सहायता एवं अधिकारिता के क्षेत्र में काम कर रहे गैर-सरकारी संगठनों को भी सीएससीज़ के साथ जोड़ा जाएगा। राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण (नाल्सा) राज्यों की राजधानियों से वकीलों का एक पैनल उपलब्ध कराएगा, जो आवेदकों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कानूनी सलाह और परामर्श प्रदान करेंगे।

'टेली-लॉ' सेवा का शुभारंभ करते हुए माननीय इलेक्ट्रोनिक्स आईटी विधि और न्याय मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह सेवा शुरू करके सरकार ने समाज के गरीब लोगों की पहुंच न्याय और अधिकारिता तक सुनिश्चित करने का अपना वायदा निभाया है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक सामान्य सेवा केंद्र एक पैरा-लीगल वालंटियर (पीएलवी) की नियुक्ति करेगा, जो ग्रामीण नागरिकों के लिए सम्पर्क का पहला बिंदु होगा और कानूनी मुद्दे समझने में उनकी सहायता करेगा। इसके अंतर्गत चुने हुए पीएलवीज़ को आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा ताकि वे अपने दायित्वों का कारगर ढंग से निर्वाह कर सकें।

यह कार्यक्रम झारखंड और राजस्थान में कमजोर वर्गों की पहुंच न्याय तक कायम करने के लिए न्याय विभाग और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा चलाए जा रहे एक्सेस टू जस्टिस प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत झारखंड में तीन जिलों के दस सामान्य सेवा केंद्रों और राजस्थान में 11 जिलों के 500 सामान्य सेवा केंद्रों के जरिए लोगों को कानूनी सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अंतर्गत राजस्थान में 500 स्वयंसेवी विधि विशेषज्ञों को सामाजिक न्याय के कानूनों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है।

अमिराज द्वारा आयोजित जोब मेला में 40 से अधिक कंपनियां और 2000 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया

अहमदाबाद: अमीराज कॉलेज ऑफ इन्जीनियरिंग और फ्रेशस जोबफेर.इन द्वारा शनिवार अहमदाबाद जोब मेला 2017 का आयोजन किया गया। भव्य रूप से आयोजित अहमदाबाद जोब मेला 2017 में अहमदाबाद और समग्र गुजरात से 2000 से अधिक नवोदित एवं स्नातको ने मुलाकात ली और 40 से अधिक कंपनियों ने कुल 220 नौकरी के मौके के लिए अहमदाबाद जोब मेला में भाग लिया और 356 उम्मीदवारो को उनके क्राइटेरिया अनुसार शोर्टलिस्ट किया।

इस बारे में बताते हुए अमीराज कॉलेज ओफ इन्जीनियरिंग और टेक्नोलोजी के मैनेजिंग ट्रस्टी प्रियंक पटेल ने कहा कि अहमदाबाद जोब मेला आई.टी. , मैनेजमेन्ट, इन्जीनियरिंग फार्मा आदि जैसे क्षेत्र के प्रतिभाशाली , योग्यता वाले युवक , गतिशील और कौशल्यपूर्ण कर्मचारियों की मांग रखने वाली कंपनी एवं गुजरात के युवा धन को एक दूसरे से जोडने का कार्य किया है। अहमदाबाद जोब मेला इन्डस्ट्री की सखत जरूरत और युवा स्नातको की महत्वकांक्षा का समाधान करना हमारा प्रयास है । उनकी मेहनत काम एवं परिवर्तन साक्षरता और विशअवभर में उपयोगी श्रेष्ठ कार्यप्रणाली के ज्ञान के मामले वे आज के जमाने में अधिक समृद्ध प्रतित होते हैं। वर्तमान सिक्षा प्रणाली में उनको सतत इन्डस्ट्री में होते फेरबदल अंतर्गत अवगत कराया जाता है। जिसेस उनको रोजगार क्षमता की जानकारी मिलती हैं। नये स्नातको ने ही अहमदाबाद जोब मेला में भाग लिया उनसे प्रोफाइल एवं सॉफ्ट स्कील के मामले काफी विस्तृत पसंदगी की है। (11-7)

अहमदाबादी युवा लीडर अर्जुन मिश्रा की हिन्दु युवा वाहिनी के गुजरात प्रदेश संगठन मंत्री के तौर पर चयन

अहमदाबाद: बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान अंतर्गत समाज की अनेक कन्यायों को गोद लेकर उनको शिक्षित करने की मुहिम चलानेवाली अहमदाबाद युवा लीडर अर्जुनमिश्रा हमेशा से समाजिक कार्य में अग्रसर रहे हैं । ऐसे में उनका यह अनोखा कार्य की सराहना करते युपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संगठन हिन्दु युवा वाहिनी के प्रदेश संयोजक अश्वनी सिसोदिया द्वारा अर्जुन मिश्रा को गुजरातच प्रदेश संगठन मंत्री के रुप में नियुक्त किया गया है।

इस बारे में बताते हुए नवनियुक्त अर्जुन मिश्रा ने बताया कि मैं हमेशा से समाजिक कार्य को महत्व देता हूं और इस बड़ी जिम्मेदारी मिलने से मुझए नये लोगों तक इस संगठन में व्याप बढ़ाने का मौका मिला हैं । मैं प्रजाहित में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

हिन्दु युवा वाहिनी संगठन के बारे में बोलते हुए अर्जुन ने कहा कि हिन्दुत्व कोई मुद्दा नहीं, हिन्दुत्व एक संस्कृति हैं और यह देश हिन्दुस्तान होने से सभी कोई इस देश में बसते लोग हिन्दु ही हो. सभी जाति के लोग हमारे मित्र है और तमाम लोगों की विचार श्रेणी एक ही है। (19-10)

एरिस लाइफसाइंसेज लिमिटेड - सार्वजनिक निर्गम शुक्रवार, 16 जून को खुलेगा

रिस लाइफसाइंसेज लिमिटेड ("कंपनी" अथवा "इश्यूअर") ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) शुक्रवार, 16 जून 2017 को पेश करने का प्रस्ताव रखा है। कंपनी पूंजी ("ऑफर") जुटाने के लिए विक्रय शेयरधारकों ("ऑफर फॉर सेल") द्वारा 1 रूपये ("इक्विटी शेयर") सममूल्य के 28,875,000 इक्विटी शेयरों का आइपीओ लेकर आ रही है। यह निर्गम मंगलवार, 20 जून 2017 को बंद होगा।

इस निर्गम के लिए प्राइस बैंड 600 रूपये से 603 रूपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बिड्स न्यूनतम 24 इक्विटी शेयरों एवं उसके बाद 24 इक्विटी शेयरों के गुणक में लगाई जा सकती हैं।

इस निर्गम के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर ("बीआरएलएम") ऐक्सिस कैपिटल लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, और क्रेडिट सुईस सिक्युरिटीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड हैं।

कंपनी और निवेशक विक्रय शेयरधारक संशोधित भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूंजी एवं डिस्क्लोजर जरूरतों को जारी करना) रेगुलेशंस, 2009 ("आइसीडीआर रेगुलेशंस") के मुताबिक बीआरएलएम्स के साथ विचार-विमर्श कर, एंकर निवेशकों की प्रतिभागिता पर परामर्श कर सकते हैं। एंकर निवेशक बिड/निर्गम की खुलने की तिथि से एक कामकाजी दिन पहले यानी गुरूवार, 15 जून 2017 को बोली लगा सकते हैं। (1)

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने केरल में पलक्कड में किन्फरा द्वारा विकसित किए जा रहे मेघा फूड पार्क की आधार शिला रखी

केरल राज्य में खाद्य प्रसंस्करण के लिए ढांचा विकास के वास्ते दो मेघा फूड पार्कों की आधारशिला रखी गयी, जिनमें से एक मेघा फूड पार्क केरल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलप्मेंट (किन्फरा) द्वारा पलक्कड में और दूसरा मेघा फूड पार्क केरल स्टेट इंडस्ट्रियल डिवेलप्मेंट कॉर्पोरेशन (केएसआईडीसी) द्वारा अलप्पुझा में किया जा रहा है। इन फूड पार्कों की आधार शिला आज यानी 11 जून 2017 को दो अलग-अलग समारोहों में रखी गई, जो पलक्कड और अलप्पुझा में आयोजित किए गए।

केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने केरल में पलक्कड में किन्फरा द्वारा विकसित किए जा रहे मेघा फूड पार्क की आधार शिला रखी। इस अवसर पर केरल के मुख्य मंत्री श्री पिनाराई विजयन भी मौजूद थे। अलप्पुझा में केएसआईडीसी द्वारा स्थापित किए जा रहे दूसरे खाद्य प्रसंस्करण मेघा फूड पार्क की आधार शिला केरल के मुख्य मंत्री श्री पिनाराई विजयन ने रखी।

इस अवसर पर श्रीमती हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रचनात्मक मार्गदर्शन के अंतर्गत उनका मंत्रालय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा दे रहा है, ताकि कृषि क्षेत्र का व्यापक विकास हो और यह क्षेत्र किसानों की आय बढ़ाने में प्रमुख भूमिका का निर्वाह करे।

सीओएससी के अध्यक्ष और नौसेना अध्यक्ष एडमिरल सुनील लाम्बा की इस्त्रायल यात्रा (12 से 15 जून 17)

भारत और इस्त्रायल के संबंध 17 सितम्बर 1950 से कायम हैं, जब भारत ने इस्त्रायल के गठन को मान्यता प्रदान की थी। 1992 में औपचारिक कूटनीतिक संबंध बहाल होने के बाद दोनों देशों के आपसी संबंधों में रक्षा सहयोग मुख्य स्तंभों में से एक रहा है। इसी कड़ी में सीओएससी के अध्यक्ष और नौसेना अध्यक्ष एडमिरल सुनील लांबा 12 से 15 जून 17 जून के दौरान इस्त्रायल यात्रा की यात्रा कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा उच्च स्तरीय रक्षा सहयोग की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

सीओएससी के अध्यक्ष और नौसेना अध्यक्ष एडमिरल सुनील लांबा अपनी इस्त्रायल यात्रा के दौरान इस्त्रायली डिफेंस फोर्स के प्रमुख, लेफ्टिनेंट जनरल गादी एइसेंकोट के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों की प्रतिरक्षा सेनाओं में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं का पता लगाना है। वे इस्त्रायली नौसेना के कमांडर-इन-चीफ, इस्त्रायल की वायु सेना के कमांडर, इस्त्रायल की थल सेना के कमांडर और रक्षा मंत्रालय के अन्य अधिकारियों से भी मिलेंगे। इसके अतिरिक्त वे हैफा नौसेना केन्द्र और इस्त्रायली वायु सेना तथा थल सेना प्रतिष्ठान देखने भी जायेंगे।

हमारे खुले समाज में एक जिम्मेदार प्रेस की आवश्यकता है ताकि जवाबदेही निश्चित की जा सके-उप राष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति श्री एम. हामिद अंसारी ने कहा है कि हमारे समाज में एक जिम्मेदार प्रेस के आवश्यकता है ताकि जवाबदेही निश्चित की जा सके। वे आज कर्नाटक के बैंगलुरू में नेशनल हेराल्ड के स्मारक संस्करण के विमोचन के दौरान अभिभाषण दे रहे थे। कर्नाटक के राज्यपाल श्री वाजुभाई रूदाभाई वाला, मुख्यमंत्री श्री के. सिद्दारमैया, उपाध्यक्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी श्री राहुल गांधी तथा अन्य विशिष्ट व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत में पत्रकारिता का इतिहास हमारे स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है। उनूहोंने आगे कहा कि प्रेस ने लोगों को शिक्षित, संतुष्ट तथा संगठित करने में अहम भूमिका निभाई है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जवाहर लाल नेहरू ने एक स्वतंत्र, मुक्त तथा ईमानदार प्रेस का सपना संजोया था और उन्होंने स्वतंत्र भारत में प्रचार माध्यम से जुड़े लोगों के हितों पर बहुत निगरानी रखी। उन्होंने आगे कहा कि कार्यकारी पत्रकार अधिनियम जिसमें पत्रकारों को उच्च दर्जे की सुरक्षा देने, प्रेस की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया था, मुख्यत: उन्हीं की देन थी।

सूचना

कृपया आपके विज्ञापन व समाचार हमारे निम्न लिखित ई-मेल पर ही भेंजे : alpaviram@gmail.com